# कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन-काशी, कमिश्नरेट वाराणसी।

## प्रेस नोट

**दिनांक- 17.06.2025**

**विषयः- थाना चितईपुर पुलिस द्वारा कुल्हाड़ी से मारपीट व हत्या का प्रयास कर पीड़ित के वाहन में आग लगा देने वाले अभियुक्त अमन भारती को गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक चितईपुर के नेतृत्व थाने में पंजीकृत मु0अ0सं0 0098/2025 धारा 115(2)/352/351(2)/109(2)/326(d) BNS में अभियुक्त अमन भारती पुत्र नगीना प्रसाद निवासी मनोरथपुरी कालोनी सुसुवाही थाना चितईपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को उसके अपराध का बोध कराकर आज दिनांक 17.06.25 समय 15.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान -** दिनांक 17.06.2025 समय 15.30 बजे

**गिरफ्तारी का विवरणः-** दिनांक 17.06.2025 को थाना चितईपुर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 0098/2025 धारा 115(2)/352/351(2)/109(2)/326(d) BNS से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमन भारती पुत्र नगीना प्रसाद निवासी मनोरथपुरी कालोनी सुसुवाही थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को आज दिनांक 17.06.25 को समय 15.30 बजे गौतम नगर कालोनी के पास गिरफ्तारी किया गया तथा अभियुक्त के निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त एक अदद कुल्हाडी को मनोरथपुरी कालोनी मे स्थित खाली प्लाट से बरामद किया गया।

**बरामदगी का विवरण :-** घटना मे प्रयुक्त एक अदद कुल्हाडी।

**विवरण पूछताछः-** अमन भारती पुत्र नगीना प्रसाद निवासी मनोरथपुरी कालोनी सुसुवाही थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष पूछताछ करने पर बता रहा है कि दिनांक 15.06.2025 को सायं मै और मेरे साथ अमन राजपूत और सूरज हम तीनों ने देवनारायण और शिवम को बुलाये थे जिसके बाद हम लोगों के बीच में मनोरथ पुरी कालोनी मे मारपीट हुयी जिसमें हम तीनों लोग कुल्हाडी से भी मारपीट किया व कुल्हाडी से कूचकर दो गाडिया जलायी गयी थी उसके बाद कुल्हाडी को वही पर खाली प्लाट पर फेककर वहां से भाग गया था। उस दिन हुए पुरे घटना में मै भी शामिल था तथा आज मैं बनारस छोडकर कही और भाग रहा था कि आप लोगो ने पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** अमन भारती पुत्र नगीना प्रसाद निवासी मनोरथपुरी कालोनी सुसुवाही थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष

अपराधिक इतिहास ---

1. मु0अ0सं0-0098/2025 धारा 115(2)/352/351(2)/109(2)/326(d) BNS थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -**

1. प्र0नि0 श्री प्रवीन कुमार थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 रवि चौहान थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 अवनीश कुमार थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
4. का0 कमल किशोर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
5. का0 राजेश कुमार यादव थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
6. का0 शिवम थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी**
**कमिश्नरेट वाराणसी**


थाना - चितईपुर
पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी
मो: 7839853242
सौजन्य से : नेत्रोदय द आई सिटी डाफी, वाराणसी